दैनिक भास्कर 12/12/2024

गीता समस्याओं के समाधान के लिए उपयोगी : प्रो. राजेंद्रा

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के संस्कृत विभाग की ओर से और हिंदी व मास कम्युनिकेशन विभाग के सहयोग से श्रीमद् भगवद गीता विषय पर गीता जयंती कार्यक्रम करवाया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को गीता के महत्व, उसके संदेश और जीवन में उसकी प्रासंगिकता से अवगत करवाना था। मुख्यातिथि कॉलेज की पूर्व प्राध्यापिका प्रो. राजेंद्रा ने बताया कि गीता ग्रंथ न केवल धार्मिक संदर्भों में, बल्कि जीवन की चुनौतियों और समस्याओं के समाधान के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि हम भारतीय सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पास गीता जैसा ग्रंथ है। मौके पर संस्कृत विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका बल्दिया, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता व जनसंचार विभाग की प्राध्यापिका सुषमा शर्मा मौजूद रहीं।